# राजस्थान सरकार
## निदेशालय कोष एवं लेखा, राजस्थान जयपुर

"वित भवन" जनपथ, जयपुर–302005
(दूरभाष 0141–2740735, फैक्स 0141–2742309, ई–मेल jdpl-ta-rj@nic.in)

क्रमांकः– प.(ई)निप/(लिंक नम्बर–9876/2013)/अलेसे–II/ 1668 दिनांक :– 01.07.2025

## आदेश

विभागीय आदेश संख्या–246/2024–25 दिनांक 15.01.2025 द्वारा श्री हरिओम मीणा, सहायक लेखाधिकरी ग्रेड–II (लिंक नं. 9876) का स्थानान्तरण कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति, टोडाभीम, करौली से कार्यालय प्राचार्य, राजकीय कृषि महाविद्यालय, टोडाभीम, करौली में सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–II के रिक्त पद पर किया गया था, जिसकी पालना में श्री हरिओम मीणा द्वारा दिनांक 29.01.2025 को कार्यग्रहण किया गया। प्राचार्य, राजकीय कृषि महाविद्यालय, टोडाभीम ने पत्र क्रमांक 415 दिनांक 06.03.2025 द्वारा सूचित किया है कि उक्त महाविद्यालय राजसेस के अधीन संचालित होने के फलस्वरूप डी.डी.ओ. पॉवर आंवटित नहीं है, जिसके कारण श्री मीणा का वेतन आहरित नहीं किया जा सकता है।

अतः श्री हरिओम मीणा, सहायक लेखाधिकारी–ग्रेड–II का वेतन भुगतान कार्यालय विकास अधिकारी, पंचायत समिति, टोडाभीम, करौली में अधीनस्थ लेखा सेवा संवर्ग सहायक लेखाधिकारी ग्रेड–I के रिक्त पद के विरूद्ध माह फरवरी, 2025 से अग्रिम आदेशों तक आहरित करने की स्वीकृति एतद्द्वारा प्रदान की जाती है।

(बृजेश किशोर शर्मा)
निदेशक एवं पदेन
संयुक्त शासन सचिव

क्रमांकः– प.(ई)निप/(लिंक नम्बर–9876/2013)/अलेसे–II/ 1668 दिनांकः– 01.07.2025

**प्रतिलिपि निम्नांकित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषित हैः–**

1. प्राचार्य, राजकीय कृषि महाविद्यालय, टोडाभीम, करौली।
2. विकास अधिकारी, पंचायत समिति, टोडाभीम, करौली को प्रेषित कर लेख है कि माननीय पारिवारिक न्यायालय, करौली में विचाराधीन प्रकरण संख्या–205/2023 वउनवान प्रवीणमाला बनाम हरिओम में, हरिओम मीणा, सलेअ–II के वेतन से भरण–पोषण राशि प्रतिमाह रूपये 20,000/– अक्षरे बीस हजार मात्र की वसूली की जाकर धर्मपत्नी प्रवीणमाला मीना पुत्री जयसिंह मीना पत्नी हरिओम मीना हाल निवासी तीन बड, मण्डरायल रोड, करौली जिला करौली को प्रार्थीया प्रवीणमाला के बचत खाता संख्या–32098279923, एस.बी.आई बैंक IFSC Code SBIN0004191 (प्रति संलग्न) में लगातार आगामी आदेश तक जमा किया जाना सुनिश्चित करें तथा इसकी सूचना माननीय न्यायालय को प्रेषित करें। गत पदस्थापित कार्यालय से श्री मीणा का विगत भुगतान पत्र (L.P.C) एवं उपस्थिति पत्रक प्राप्त कर नियमानुसार वेतन आहरण करें।
3. उप निदेशक (एसीपी) कार्यालय हाजा को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने एवं पी.आई.एस. में अपडेट करने हेतु।
4. वरिष्ठ निजी सचिव, निदेशक महोदय।
5. श्री हरिओम मीणा, सहायक लेखाधिकारी–ग्रेड–II, प्राचार्य, राजकीय कृषि महाविद्यालय, टोडाभीम, करौली
6. रक्षित पत्रावली/निजी पत्रावली।

(नरेन्द्र सिंह)
संयुक्त निदेशक (कार्मिक–II/III)



E:\Sis II\Rajesh M \ Simple letter